RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 31 दिसंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 248 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक

# रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# महाराष्ट्र में शरद पवार को झटका!

## राज ठाकरे की पार्टी मनसे में शामिल हुए सैकड़ों कार्यकर्ता

महाराष्ट्र : लोकसभा चुनाव से पहले एमएनएस (महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना) के अध्यक्ष राज ठाकरे की पार्टी ने जलगांव में एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार को को झटका दिया है. ये झटका ज्यादा महत्वपूर्ण है, क्योंकि राष्ट्रवादी पार्टी पहले ही विभाजित हो चुकी है. दूसरी बात यह है कि महाराष्ट्र में मनसे की ताकत बढ़ रही है. दावा किया जा रहा है कि मनसे एक बार फिर गांव-गांव में मजबूत हो रही है.



जलगांव में एनसीपी के शरद पवार गुट की शहर महिला महासचिव सीमा गोसावी कार्यकताओं के साथ महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना में शामिल हो गई हैं. महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के महानगर उपाध्यक्ष आशीष सपकाले के प्रयास से शनिवार को सैकड़ों कार्यकताओं ने मनसे में शामिल हुए. यह जलगांव शहर में एनसीपी शरद पवार समूह के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है.

**मनसे में शामिल हुए एनसीपी के सैकड़ों कार्यकर्ता**

जलगांव में एनसीपी के शरद पवार गुट की शहर महिला महासचिव सीमा गोसावी ने कहा है कि चूंकि एनसीपी शरद पवार गुट ने पिछले चार वर्षों से किसी भी समस्या का समाधान नहीं किया है, इसलिए उन्होंने एनसीपी छोड़ दी और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना में शामिल हो गई. जलगांव शहर में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यालय में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के महानगर उपाध्यक्ष आशीष सपकाले की उपस्थिति में राष्ट्रवादी कांग्रेस शरद पवार गुट की शहर महिला महासचिव सीमा गोसावी के साथ महिलाएं युवा महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना में शामिल हुए.

चर्चा है कि पार्टी की इस एंट्री से जलगांव में एनसीपी के शरद पवार गुट की जमीन खिसक गई है?

### क्या राज ठाकरे जाएंगे महागठबंधन के साथ?

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए राज ठाकरे की एमएनएस पार्टी सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए ज्यादा अहम है. राज ठाकरे एक प्रभावशाली नेता हैं. महाराष्ट्र में उनके बहुत बड़े प्रशंसक हैं. खासकर युवाओं के बीच इनका क्रेज ज्यादा है. इसलिए अगर राज ठाकरे महागठबंधन में आते हैं तो महागठबंधन को लाभ मिल सकता है. इसके अलावा राज ठाकरे और सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं के बीच लगातार बैठकें भी हो रही हैं. हाल ही में राज ठाकरे और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मुलाकात हुई. दोनों नेताओं के बीच लंबी चर्चा भी हुई. इसलिए यह देखना अहम होगा कि आने वाले समय में राज ठाकरे क्या स्टैंड लेते हैं.

# माहिम मेले में आने वाले पर्यटकों को चोरी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है



**माहिम :** हजरत मखदूम शाह बाबा का मेला 27 दिसंबर 2023 से शुरू हुआ, यह 5 जनवरी 2023 को समाप्त होगा, पहली चादर परंपरा के तौरपर मुंबई पुलिस द्वारा दरगाह पर संदल जुलूस के साथ चढ़ाई जाती है। माहिम मेले में रोजाना 10 से 15 चोरी की घटनाएं हो रही हैं संख्या बढ़ने के संकेत , लोगों के पैसा मोबाइल सोने के आभूषण चोरी हो रहे हैं। शनिवार की घटना एक हिन्दू महिला माहिम दरगाह पर दर्शन के लिए गई थी इस बीच उनका बैग ब्लेड से फाड़ा गया और पैसे चोरी हो गए, उसका वीडियो सोशल मीडिया पर है ।

इस बीच कुछ अन्य लोगों को भी इसी तरह की चोरी का सामना करना पड़ा ।शनिवार के एक अलग वीडियो में देखा जा सकता है कि स्थानीय लोगों ने चोरी पकड़ी और चोरो को माहिम पुलिस स्टेशन को सौंप दिया ये काम पुलिस का लोगो ने किया ? , आश्चर्यजनक रूप से कुछ समय बाद पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया। माहिम रहती बंदर पर जहा झूले लगे है वह भी ऐसी समस्या है , सूत्रों के अनुसार माहिम पुलिस थाने में शिकायत ज्यादा दिखे नही इसलिए पुलिस कंप्लेंट दर्ज नही कर रही है और पकड़ने और शिकायत दर्ज करने के प्रयास में विफल है ।

# मुंबई निवासी युवती ने सामूहिक बलात्कार का दर्ज कराया मामला

**धौलपुर :** महिला पुलिस थाने में मुंबई निवासी एक युवती ने धौलपुर निवासी युवक और उसके साथियों पर सामूहिक बलात्कार का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। हालांकि, पीड़ित युवती थाने नहीं पहुंची बल्कि उसकी ओर से राज्यपाल और पुलिस मुख्यालय जयपुर उक्त घटनाक्रम को लेकर परिवाद भेजा दिया। उक्त परिवाद को जयपुर से धौलपुर एसपी कार्यालय भेजा गया, जिस पर स्थानीय महिला थाने में गुरुवार




शाम मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रकरण की जांच सीओ शहर को सौंपी गई है। महिला थाना प्रभारी छवि फौजदार ने बताया कि एसपी कार्यालय से परिवाद मिला था जिसे दर्ज कर लिया है। मुंबई निवासी युवती ने सामूहिक बलात्कार का आरोप लगाते हुए परिवाद दिया था। इसमें बताया कि सचिन नामक युवक उसके साथ मुंबई में रहता था। पीड़िता ने परिवाद में बताया कि उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाए। आरोप है कि तीन माह पहले आरोपित युवक उसे बहाने से धौलपुर लाया। यहां आरोपित उसे एक वाहन में अनजान स्थान पर ले गया।

# महंगाई की मार झेल रहे मुंबईकर को बीएमसी ने दिया झटका!

## प्रॉपर्टी टैक्स बकाएदारों को 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़े रेट से भेजा...

### चुनावी साल में इसका विपक्षी दलों द्वारा जोरदार विरोध होने की आशंका है

**मुंबई:** बीएमसी ने आर्थिक वर्ष 2023-24 के लिए प्रॉपर्टी टैक्स के बकाएदारों को 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ी हुई दर के साथ बिल भेज रही है। महंगाई की मार झेल रहे नागरिकों पर यह बड़ा आर्थिक बोझ माना जा रहा है। बीएमसी अधिनियम के अनुसार हर पांच साल में प्रॉपर्टी टैक्स में वृद्धि का प्रावधान है, लेकिन कोरोना संकट और राजनीतिक दबाव के कारण पिछले तीन साल से इसमें कोई बढ़ोतरी नहीं की गई थी। अब आर्थिक वर्ष 2023-2024 के लिए बढ़े रेट के साथ बीएमसी ने 1 दिसंबर से बिल भेजना शुरू कर दिया है। चुनावी साल में इसका विपक्षी दलों द्वारा जोरदार विरोध होने की आशंका है। कांग्रेस नेता आसिफ जकारिया ने बीएमसी कमिश्नर आई. एस. चहल



को पत्र लिखकर इस पर कड़ा विरोध जताया है। जकारिया ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2010 से प्रॉपर्टी टैक्स वसूली को गलत करार दिया है और नियमों में बदलाव करने का निर्देश दिया है। लेकिन बीएमसी ने कोर्ट के आदेश को नजरअंदाज कर मुंबईकरों पर भारी वृद्धि थोंप दी। यह मुंबईकरों के साथ अन्याय है। बीएमसी को इस पर पुनर्विचार करने की जरूरत है।

### हर 5 साल में बढ़ने का नियम

बीएमसी नियम के अनुसार मुंबई में हर पांच साल में प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ाया जाता है। आखिरी बार वर्ष 2015 में प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ाया गया था। इसके बाद वर्ष 2020 में प्रॉपर्टी टैक्स में बढ़ोतरी होनी थी, लेकिन कोरोना संकट के कारण 2020, 2021 और 2022 में टैक्स नहीं बढ़ाया गया। वर्ष 2022 में बीएमसी चुनाव को देखते हुए उद्धव ठाकरे सरकार ने प्रॉपर्टी टैक्स वृद्धि पर रोक लगा दी थी। लेकिन दिसंबर में बीएमसी ने 10 से 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ बिल भेज दिया है। इससे मुंबईकरों पर आर्थिक बोझ पड़ेगा। कांग्रेस नेता जकारिया ने कहा कि बीएमसी की तरफ से वर्ष 2023-24 और और 2024-25 के लिए टैक्स बढ़ोतरी की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस कर वृद्धि के लिए बीएमसी की इंटरनल कमिटी द्वारा नियम तैयार किए गए थे। बीएमसी सूत्रों के मुताबिक इस वृद्धि के लिए बीएमसी ने राज्य सरकार से मंजूरी ले ली है।




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### मौत के बजाय कारावास

कतर में भारत के 8 पूर्व नौसैनिकों की सजा-ए-मौत रद्द कर दी गई है। उन्हें अब कारावास की सजा दी गई है। वह सजा कितने साल की होगी, यह अदालत के विस्तृत फैसले से ही स्पष्ट होगा। यह अदालती फैसला भारत और उसके पूर्व नौसैनिकों के लिए सुखद और राहतपूर्ण है, क्योंकि जासूसी के अपुष्ट आरोपों पर भारतीय विदेशों में जेल की सजाएं झेलते रहे हैं। कतर में मौत की सजा ने भारत को हैरानी के साथ-साथ सदमे में भी डाल दिया था। कतर के सरकारी अफसर अपराध का खुलासा नहीं कर रहे थे और न ही आरोपों को सार्वजनिक कर रहे थे। यह आरोप जरूर सामने आया कि पूर्व नौसैनिकों ने कतर की एक महत्त्वपूर्ण पनडुब्बी परियोजना की संवेदनशील सूचना इजरायल को दी थी। मौजूदा संदर्भों में भारत इजरायल का मित्र-देश है, जबकि कतर हमास के सियासी नेतृत्व की आर्थिक मदद करता रहा है और उन्हें पनाह भी देता रहा है, लेकिन पनडुब्बी वाली सूचना को लेकर कतर के आरोपों का आधार पुख्ता नहीं था और न ही साक्ष्य थे। बहरहाल भारत की कूटनीतिक और कानूनी लड़ाई रंग लाई और 8 भारतीय मौत की सजा से बच गए। भारत और कतर के दरमियान 2015 का एक समझौता है, जिसके तहत सजायाफ्ता लोगों को उनके गृह देश में ही स्थानांतरित करने का प्रावधान है। वे शेष सजा अपने ही देश में काट सकते हैं। मौजूदा मामले में क्या होता है, उसका खुलासा आने वाले दिनों में ही होगा। गौरतलब यह भी है कि भारत के प्रधानमंत्री मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी की दुबई में मुलाकात पर्यावरण के कॉप-28 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी। प्रधानमंत्री ने पूर्व नौसैनिकों की गिरफ्तारी और सजा-ए-मौत का जिक्र किया था अथवा नहीं, सरकार उसे लेकर बिल्कुल खामोश है।

अगस्त, 2022 में भारत के पूर्व नौसैनिकों की गिरफ्तारी के बाद उन्हें एकांत कारावास में रखा गया था और मामले को पूरी तरह 'गोपनीय' बना दिया गया था। दोनों ही सरकारों ने आरोपों पर सार्वजनिक बातचीत करने में संकोच बरता। हालांकि कतर में भारत के वाणिज्य दूत और कानूनी टीम को पूर्व नौसैनिकों से मिलने की इजाजत दी गई। कतर में 8 लाख से अधिक भारतीय बसे और काम करते हैं। पूरे पश्चिमी एशिया में भारतीयों की कार्यरत आबादी सर्वाधिक है, लिहाजा जासूसी के आरोप सहज और चुनौतीपूर्ण हैं। पूर्व नौसैनिकों में कैप्टन स्तर के अधिकारी भी हैं, जो ओमान की 'अल दहरा ग्लोबल टेक्नॉलॉजीज एंड कंसल्टिंग सर्विसेज कंपनी' के लिए काम कर रहे थे। कंपनी कतर की नौसेना को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दे रही थी। हम किसी भी तरह का दावा नहीं कर सकते कि यह रक्षा-कंपनी संदिग्ध गतिविधियों में संलग्न रही है या उसे 'काली सूची' में डाल देना चाहिए अथवा भारतीय अब भी इस कंपनी में कार्यरत हैं या कंपनी छोड़ चुके हैं, लेकिन विदेशी कंपनियों में शामिल होने से पहले भारतीयों को विस्तृत जानकारी ले लेनी चाहिए कि उन कंपनियों की पृष्ठभूमि क्या रही है। जिन देशों की न्यायिक व्यवस्था 'ब्लैक बॉक्स' जैसी है, वहां नौकरी नहीं करनी चाहिए। आखिर न्यायिक इंसाफ तो अनिवार्य है। कमोबेश यह मामला भारतीयों को कई बड़े सबक दे सकता है। आज की युवा पीढ़ी वे सबक लेना चाहे अथवा विदेश जाने की अंधी दौड़ में शामिल रहे। फिर भी पश्चिमी एशिया में हमें अपनी सक्रियता और तालमेल, संपर्क को बढ़ाना चाहिए, क्योंकि आज दुनिया ही एक परिवार की तरह है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# 'केवल इतना बचा है कि भगवान राम उनके उम्मीदवार...'

## भाजपा पर उद्धव शिवसेना का हमला

**महाराष्ट्र** : उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के सांसद संजय राउत ने एक बार फिर भाजपा पर निशाना साधा है। उनका कहना है कि भगवान राम के नाम पर जमकर राजनीति की जा रही है। अब सिर्फ इतना ही बचा है कि भाजपा जल्द एलान करेगी कि अयोध्या या किसी अन्य जगह से भगवान राम उनके उम्मीदवार होंगे।



**कभी कांग्रेस को जीरो नहीं कहा**

राउत शनिवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस को शून्य कहने वाली बात पर भी सफाई दी। शिवसेना सांसद ने कहा कि उन्होंने कभी कांग्रेस को जीरो नहीं कहा था। उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया।

**राजनीति की जा रही**

अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के अभिषेक समारोह के निमंत्रण पर संजय राउत ने कहा कि अब, केवल एक चीज बची है कि भाजपा घोषणा करेगी कि भगवान राम चुनाव के लिए उनके उम्मीदवार होंगे। भगवान राम के नाम पर इतनी राजनीति की जा रही है।

### महा विकास अघाड़ी करीब 40 सीटें जीतेगी

उन्होंने कहा, 'मैंने यह कहा था कि कांग्रेस को जीरो से शुरूआत करनी होगी, यह कभी नहीं कहा कि कांग्रेस शून्य है। महाराष्ट्र में फिलहाल कांग्रेस का एक भी सांसद नहीं है। हमारे पास 18 सांसद थे, लेकिन कुछ चले गए और अब हमारे पास छह सांसद हैं। हमारा गठबंधन कांग्रेस के साथ है और महा विकास अघाड़ी करीब 40 सीटें जीतेगी।'

### हमारे पास छह सांसद है...

शिवसेना एक सीट पर भी नहीं जीत सकती इस पर राउत ने कहा कि बयान आने दो। हमारे पास छह सांसद है और हमारी एक ताकत है। हम पुराना आंकड़ा जीत लेंगे। उन्होंने आगे कहा कि अगर रही बात नहीं जितने की, तो आप भी नहीं जीत पाओगे। आप मिलकर ही जीत पाओगे। आज के समय में कोई भी पार्टी नहीं है जो खुद के बलबुते पर जीत सके। भाजपा को जीतने के लिए ईवीएम की जरूरत है, वे भी अकेले नहीं जीत सकते। उनका गठबंधन ईवीएम के साथ है। तो हर किसी को किसी न किसी की जरूरत है।

## महाराष्ट्र के रायगढ़ में बस पलटने से बड़ा हादसा, 2 यात्रियों की मौत, 50 से ज्यादा घायल





**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र के रायगढ़ में बड़ा सड़क हादसा हो गया है। बस पटलने से दो यात्रियों की मौत हो गई है जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल हैं। एसपी रायगढ़ ने बताया कि मानगांव थाना क्षेत्र के तम्हानी घाट इलाके में आज सुबह करीब 7.30 बजे एक ट्रैवल्स बस पलटने से दो लोगों की मौत हो गई और 55 लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है।

**बस में बच्चे सवार थे**

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, हादसा उस वक्त हुआ जब स्कूल ट्रिप पुणे से कोंकण जा रही थी। बस में ज्यादातर बच्चे बैठे थे। यह भयानक हादसा पुणे और मानगांव के बीच तम्हिनी घाट के एक कठिन मोड़ पर हुआ। हादसा कोंडेघर गांव की सीमा में हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद महाड, मनगांव से बचाव दल और एम्बुलेंस को भी घटनास्थल पर भेजा गया है।

## वर्ली में गाड़ी खड़ी करने की दिक्कत होगी दूर, बीएमसी बनाएगी अंडरग्राउंड पार्किंग,

**मुंबई:** बीएमसी ने आदित्य ठाकरे के विधानसभा क्षेत्र वर्ली में बीएमसी के इंजिनियरिंग हब के पास अंडरग्राउंड पार्किंग बनाने का निर्णय लिया है। बीएमसी 216 करोड़ रुपये खर्च कर करीब साढ़े पांच सौ गाड़ियों के पार्क करने की सुविधा उपलब्ध कराएगी। इसके लिए बीएमसी ने टेंडर जारी किया है। बीएमसी ने वर्ली में बनाए जाने वाले अंडरग्राउंड पार्किंग बनाने वाले ठेकेदार को 20 साल के लिए ठेका देने का निर्णय लिया है। ठेकेदार को पार्किंग संचालन से लेकर उसकी देखभाल आदि की जिम्मेदारी होगी। पार्किंग में वाहनों को लाने और ले जाने के लिए रोबो पार्किंग का इस्तेमाल किया जाएगा।



बीएमसी अभी तक मुंबई में बहुमंजिला पार्किंग की सुविधा कर रही थी। लेकिन मुंबई में जगह की समस्या को देखते हुए वर्ली में अंडरग्राउंड पार्किंग बनाई जाएगी। हालांकि बीएमसी मुंबा देवी और माटुंगा में भूमिगत पार्किंग बनाने का टेंडर पहले ही जारी किया है। इसका काम शुरू हो चुका है। माटुंगा में 475 वाहन और मुंबा देवी में 546 वाहनों के पार्किंग की सुविधा उपलब्ध होगी।

## खरीद-फरोख्त का प्रलोभन देकर साढ़े चार लाख की धोखाधड़ी

**मुंबई:** सांताक्रूज इलाके में एक साइबर घोटाला सामने आया है जहां एक व्यक्ति से रुपये की धोखाधड़ी की गई। इस मामले में सांताक्रूज पुलिस ने धोखाधड़ी के साथ-साथ आईटी धारा के तहत मामला दर्ज कर इस साइबर बदमाश की तलाश शुरू कर दी है. 35 वर्षीय शिकायतकर्ता को सुधीर नाम के व्यक्ति ने फोन किया और ट्रेडिंग के बारे में पूछा। उन्हें बताया गया कि पसंदीदा कंपनी में डीमैट खाता खोलने पर अच्छा रिटर्न मिलेगा। उस पर भरोसा कर उसने फॉरेक्स मार्केट में साढ़े चार लाख का निवेश कर दिया था।

## पत्नी के साथ वीडियो कॉल के दौरान पति ने लगाई फांसी, दोनों के बीच संपत्ति को लेकर चल रहा था विवाद

**हैदराबाद** : तेलंगाना में एक 28 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साथ वीडियो कॉल पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना शहर के बाहरी इलाके राचाकोंडा पुलिस आयुक्तालय के उप्पल पुलिस स्टेशन की सीमा से सामने आई है। इस घटना की जानकारी पुलिस ने दी है। हैदराबाद मेट्रो के सिग्नलिंग विभाग में कार्यरत एम. नरेश (28) ने शुक्रवार को उप्पल में सरस्वती कॉलोनी में अपने घर पर आत्मघाती कदम उठाया।



वह अपनी पत्नी नित्यश्री के साथ वीडियो कॉल पर थे, जो यदाद्री भोंगिर जिले में अपने माता-पिता के घर गई थी। नरेश भी उसी जिले का रहने वाला था। पुलिस के मुताबिक, नरेश और नित्यश्री की एक साल पहले शादी हुई थी। वह गर्भवती थी और एक सप्ताह पहले किसी पारंपरिक समारोह के लिए अपने माता-पिता के पास गई थी। इस बात को लेकर पति-पत्नी में अनबन रहती थी। जांच में पता चला कि उनके बीच संपत्ति को लेकर भी विवाद सामने आया था। विवादों से परेशान होकर नरेश ने शुक्रवार को अपनी पत्नी को वीडियो कॉल की। उसने पहले ही छत के पंखे से कपड़े का एक टुकड़ा बांध लिया था और खुद को फांसी लगा ली, जबकि पत्नी उसे सदमे में देख रही थी। महिला के परिवार की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महाराष्ट्र में अब तक हुआ 356 लाख क्विंटल चीनी उत्पादन...



**मुंबई:** महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन में पिछले सीजन के मुकाबले गिरावट नजर आ रही है। पिछले सीजन के मुकाबले 28 दिसंबर, 2023 तक महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन में 90.39 लाख क्विंटल (9.03 लाख टन) की गिरावट आयी है। चीनी आयुक्तालय के आकड़ों के मुताबिक, सीजन 2023-24 में 28 दिसंबर, 2023 तक महाराष्ट्र में कुल मिलाकर 195 चीनी मिलों ने पेराई शुरू कर दी है। जिसमे 96 सहकारी एवं 99 निजी चीनी मिलें शामिल है, और 402.84 लाख टन गन्ने की पेराई की जा चुकी है। राज्य में अब तक लगभग 356.18 लाख क्विंटल (35.61 लाख टन) चीनी का उत्पादन किया गया है। राज्य में फिलहाल औसत चीनी रिकवरी 8.84 प्रतिशत है। पिछले सीजन में इसी समय 201 चीनी मिलें शुरू थी और उन्होंने 478.94 लाख टन गन्ना पेराई कर 446.57 लाख क्विंटल चीनी का उत्पादन किया था। महाराष्ट्र में अब तक सबसे ज्यादा सोलापुर विभाग में 47 चीनी मिलों ने पेराई सत्र चालू किया है। चीनी आयुक्तालय के आकड़ों के मुताबिक, 28 दिसंबर, 2023 तक सोलापुर विभाग में फिलहाल 87.06 लाख टन गन्ना पेराई कर 70.71 लाख क्विंटल चीनी का उत्पादन किया गया है। और यहाँ चीनी रिकवरी 8.12 प्रतिशत है।

# रश्मि शुक्ला होंगी महाराष्ट्र की नई डीजीपी... फोन टैपिंग केस के बाद रही थीं चर्चित



**मुंबई:** हाई प्रोफाइल आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला महाराष्ट्र की नई पुलिस महानिदेशक होंगी. सूत्रों ने शुक्रवार (29 दिसंबर) को यह जानकारी दी. शुक्ला वर्तमान पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रजनीश सेठ से राज्य पुलिस की बागडोर संभालने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. रजनीश सेठ जल्द ही महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभालेंगे.

रश्मि शुक्ला फिलहाल डीजी पद पर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं. राज्य में शुक्ला ने अतीत में पुणे पुलिस आयुक्त और राज्य खुफिया विंग के निदेशक सहित कई प्रमुख पदों पर कार्य किया है. वह फोन टैपिंग केस के बाद चर्चा में रही थीं. रश्मि शुक्ला राज्य की सबसे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी हैं. डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार ने वरिष्ठता के स्तर के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्रालय को एक सूची सौंपी है. टीओआई की रिपोर्ट के मुताबिक, एक उच्च पदस्थ ब्यूरोक्रैट ने बताया कि वरिष्ठता के मामले में शुक्ला के बाद महाराष्ट्र पुलिस हाउसिंग एंड वेलफेयर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक संदीप बिश्नोई और मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसलकर हैं. रश्मि शुक्ला 1988 बैच की हैं, वहीं बिश्नोई और फणसलकर 1989 बैच के हैं. रश्मि शुक्ला 30 जून 2024 को रिटायर होंगी तो बिश्नोई 31 मार्च 2024 और फणसलकर 31 मार्च 2025 को सेवानिवृत्त होंगे. 4 अक्टूबर को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रजनीश सेठ को एमपीएससी का अध्यक्ष नियुक्त किया था. हालांकि, तब उन्हें नया कार्यभार न संभालने और उनके स्थान पर किसी को डीजीपी नियुक्त किए जाने तक इंतजार करने के लिए कहा गया था. 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी सेठ 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले हैं. ब्यूरोक्रैट ने कहा कि गृह मंत्रालय की ओर से निर्धारित मानदंडों के अनुसार, राज्य सरकार को पिछले 10 वर्षों के सेवा रिकॉर्ड के साथ वरिष्ठतम आईपीएस अधिकारियों का एक पैनल प्रस्तुत करना होगा. गृह मंत्रालय एक शॉर्टलिस्ट बनाता है, जिसमें से राज्य सरकार नए डीजीपी का चयन करती है.

बॉम्बे हाई कोर्ट ने इसी साल 8 सितंबर को आईपीएस अधिकारी रश्मी शुक्ला के खिलाफ दो एफआईआर रद्द कर दी थीं. उन पर 2015-2019 के बीच कथित तौर पर राजनेताओं के फोन टैप करने का आरोप था, जब पिछला बीजेपी नेतृत्व वाला गठबंधन राज्य की सत्ता में था.

# महाराष्ट्र का पहला विद्यालय जो पूर्व छात्रों की पहल पर सौर ऊर्जा उत्पादन परियोजना स्थापित कर रहा है



**ठाणे :** शिक्षा के प्रवाह और पर्यावरणीय संसाधनों के उपयोग को जारी रखने के उद्देश्य से ठाणे में मोह विद्यालय और रमेश परमार जूनियर कॉलेज में एक सौर ऊर्जा उत्पादन परियोजना और एक जागरूकता केंद्र स्थापित किया गया है।

विद्यालय के शताब्दी समारोह के अवसर पर पूर्व छात्रों की वित्तीय सहायता से एक सौर ऊर्जा परियोजना और एक जागरूकता केंद्र स्थापित किया गया है। इस प्रोजेक्ट का उद्घाटन सामाजिक कार्यकर्ता मेधाताई पाटकर करेंगी. ठाणे का मोह विद्यालय 132 साल पुराना स्कूल है। इस विद्यालय का वर्ष में विद्युत उपभोग पर एक लाख से अधिक का आर्थिक व्यय होता था। विद्यालय में दैनिक कार्यों के लिए उपयोग की जाने वाली बिजली एवं उससे होने वाली वित्तीय लागत को कम करने के लिए विद्यालय में गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत का उपयोग करके एक सौर ऊर्जा परियोजना बनाई गई है। स्कूल के पूर्व प्रिंसिपल. बनाम कुलकर्णी के नाम पर एक सौर ऊर्जा उत्पादन और जागरूकता केंद्र स्थापित किया गया है। इस प्रोजेक्ट की अवधारणा स्कूल के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में सामने आयी. यह प्रोजेक्ट पूर्व छात्रों की मदद से तैयार किया गया है।

## कैसा होगा प्रोजेक्ट?

**सौर ऊर्जा संयंत्र 19.5 किलोवाट का है। इस पर कुल साढ़े बारह लाख रुपए खर्च हुए हैं। इस प्रोजेक्ट में सीधी धूप के जरिए ऊर्जा पैदा की जाएगी. यह बिजली महावितरण चैंबर को आपूर्ति की जाएगी। स्कूल में इस्तेमाल होने वाली बिजली सौर ऊर्जा से पैदा की जाएगी. साथ ही संजय गोपाल ने बताया कि इससे उत्पन्न ऊर्जा का उपयोग रविवार या अवकाश के दिन महावितरण कक्ष में किया जा सकता है. उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा परियोजना ऋण के आधार पर काम करेगी। साथ ही यह प्रोजेक्ट कैसे काम करता है, इसके लिए जागरूकता केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से बिजली खपत की लागत कम हो जायेगी.**

# वर्क फ्रॉम होम और ऑनलाइन जॉब दिलाने के नाम पर तीन महीने में 60 करोड़ रुपये ठगे...

## मुंबई पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार




**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने ऑनलाइन जॉब और वर्क फ्रॉम होम के नाम पर ठगी करने वाले दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है. मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों कथित तौर पर घर बैठे आसान काम करके लाखों रुपये कमाने का झांसा देकर लोगों को ठगते थे. ये ठग कई लोगों को लाखों रुपये की चपत लगा चुके हैं. उन्होंने बताया कि आरोपियों की ओर से इस्तेमाल किए गए बैंक खातों में तीन महीने में 60 करोड़ रुपये से अधिक का ट्रांजेक्शन हुआ है. पुलिस ने इन खातों में 1.1 करोड़ रुपये फ्रीज कर दिए हैं. पुलिस मामले की जांच कर रही है और इनके दूसरे साथियों की तलाश में जुटी है.

रिपोर्ट के मुताबिक, यहां वीरमाता जीजाबाई टेक्नोलॉजिकल इंस्टिट्यूट के हॉस्टल में रहने वाले 19 साल के एक छात्र ने शिकायत दर्ज कराई थी कि कुछ जालसाजों ने उनसे वॉट्सऐप के जरिये संपर्क किया था. ठगों ने उन्हें घर बैठे पार्ट टाइम जॉब का झांसा दिया. उन्हें एक टेलीग्राम चैनल में जोड़ा गया. बाद में जालसाजों ने उन्हें बेहतर रिटर्न का वादा करते हुए अलग-अलग खातों में पैसे जमा करने के लिए कहा. वह ठगों के झांसे में आ गया और उनके खाते में 2.45 लाख रुपये जमा कर दिए. बाद में जब काम नहीं मिला तो ठगी का पता चला.

### बैंक अकाउंट की मदद से चला आरोपियों का पता

इस शिकायत के बाद माटुंगा थाना पुलिस एक्शन में आई और उन बैंक खातों को ट्रैक किया जिनमें छात्र ने रुपये जमा कराए थे. इसके बाद इन खातों के जरिये ठगों का पता लगाया गया. आरोपियों के बारे में जानकारी मिलते ही पुलिस की एक टीम गुजरात के गांधीनगर पहुंची और वहां से रूपेश ठक्कर (33) और पंकज भाई ओड (34) को गिरफ्तार किया.

### 33 डेबिट कार्ड और चेकबुक बरामद

पुलिस ने आरोपियों के पास से 33 डेबिट/क्रेडिट कार्ड, अलग-अलग बैंकों की 32 चेक बुक, छह मोबाइल फोन और 28 सिम कार्ड भी बरामद किए. इन आरोपियों पर आईपीसी की धारा 420 (धोखाधड़ी) और आईटी एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है.

# किसानों के ऋणों का पुनर्गठन... सूखा क्षेत्र के लिए राज्य सरकार का निर्णय



**मुंबई :** छत्रपति संभाजीनगरः राज्य सरकार ने शुक्रवार को सभी निजी, वाणिज्यिक, राष्ट्रीयकृत और जिला बैंकों को सूखा प्रभावित क्षेत्रों में किसानों के कृषि ऋण का पुनर्गठन करने के निर्देश जारी किए। बैंकों को 30 अप्रैल, 2024 तक पुनर्गठन प्रक्रिया पूरी करने और किसानों को नए ऋण उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया है। इस साल राज्य में कम बारिश के कारण राज्य के कई हिस्सों में सूखे की स्थिति पैदा हो गई है। राज्य सरकार ने अक्टूबर में 40 तालुकाओं और नवंबर में 1021 राजस्व मंडलों में सूखे जैसी स्थिति घोषित की है। इसके तुरंत बाद उन इलाकों में किसानों के लिए रियायतों की भी घोषणा की गई. सरकार ने अब सूखाग्रस्त क्षेत्रों में किसानों के खरीफ फसल ऋण की वसूली को निलंबित करते हुए अल्पकालिक फसल ऋण को मध्यम अवधि के ऋण में पुनर्गठित करने का निर्णय लिया है। तदनुसार, वाणिज्यिक बैंकों, निजी बैंकों, सरकारी बैंकों, महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक और संबंधित जिला बैंकों को इस संबंध में कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। सहकारिता, विपणन एवं वस्त्रोद्योग विभाग ने शुक्रवार को ऐसा सरकारी आदेश जारी किया है. खरीफ सीजन फसल ऋण चुकाने की समय सीमा 31 मार्च 2024 है। हालाँकि, बैंकों से कहा गया है कि वे सूखा प्रभावित क्षेत्रों के उन किसानों की लिखित सहमति लेकर ब्याज सहित फसल ऋण का पुनर्गठन करें जो निर्धारित अवधि के भीतर ऋण चुकाने में सक्षम नहीं होंगे।

# दहिसर में मुरबली झील की मरम्मत के लिए ठाकरे समूह का प्रदर्शन...

## ग्यारह साल में झील की हालत हो गई खराब



**मुंबई:** दहिसर के पूर्व में स्थित नगर पालिका के मुरबली स्विमिंग पूल की हालत खस्ता होने की मांग को लेकर शिवसेना के ठाकरे समूह ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। झील की मरम्मत की कई मांगों को प्रशासन द्वारा नजरअंदाज किए जाने पर ठाकरे समूह के पूर्व नगरसेवकों ने विरोध प्रदर्शन किया. दहिसर के पूर्व में शुक्ला कपाउंड में मुरबली देवी स्विमिंग पूल पिछले ग्यारह वर्षों में खराब हो गया है। झील को 2012 में जनता के लिए खोला गया था। लेकिन वर्तमान में इस झील की हालत बेहद खराब हो गई है। इस संबंध में शिवसेना के पूर्व नगरसेवक संजय घड़ी ने कहा कि स्विमिंग पूल के प्रवेश द्वार पर लगे नाम के बोर्ड भी गिर गए हैं।




# नए साल में पूरा होगा नवी मुंबई में घर खरीदने का सपना...

**सिडको 3500 घरों के लिए लॉटरी निकाल सकता है.**

## प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवासों का निर्माण

**नवी मुंबई:** आने वाला नया साल उन लोगों के लिए अच्छी खबर लेकर आएगा जो सिडको के नए घरों का इंतजार कर रहे हैं। विश्वसनीय जानकारी है कि आगामी गणतंत्र दिवस पर कुल 3,500 सिडको घरों की लॉटरी लगेगी और इन घरों की कीमतें भी सस्ती होंगी। पिछले कुछ वर्षों में सिडको की ओर से बड़ी संख्या में घरों का निर्माण किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आम नागरिकों के लिए बनाए जा रहे मकानों को भी बड़ी संख्या में नागरिक पसंद कर रहे हैं। इसलिए सिडको का मानना है कि नए साल में निकलने वाली लॉटरी में मकानों को भी अच्छा रिस्पॉन्स मिलेगा. अब सिडको की ओर से प्रधानमंत्री




आवास योजना के तहत रेलवे स्टेशनों के पास खाली पड़ी जमीन पर मकान बनाए जा रहे हैं. सिडको अगले चार साल में 67 हजार घर बनाने जा रही है. इस हिसाब से चरणों में बनाए जा रहे इन घरों में साढ़े तीन हजार घरों का निर्माण अंतिम चरण में है। सिडको ने नए साल में गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी को इन घरों के लिए लॉटरी निकालने की योजना बनाई है।

पिछले वर्ष सिडको द्वारा कोई मकान नहीं निकाला गया है। इससे पहले, दिवाली के दौरान उल्वे, बामन डोंगरी इलाके में बहुत सारे घरों की तस्वीरें खींची जाती थीं। ऐसे में सभी का ध्यान नए ड्रा पर है. यह आरोप लगाया गया था कि इन सिडको घरों की कीमतें निजी डेवलपर्स के घरों की कीमतों से अधिक थीं। इसलिए यह भी चर्चा है कि सिडको नए घरों की लॉटरी में घरों की कीमतें कम करने की कोशिश करेगी. हालांकि सिडकोकी ओर से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन सिडको में इन घरों के लिए लॉटरी शुरू हो गई है.

### कुल 87 हजार आवासों का निर्माण

**सिडको के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 87 हजार मकान बनाये जा रहे हैं। अब तक सिडको ने नवी मुंबई के घनसोली, खारघर, तलोजा और उल्वे इलाकों में 25 हजार घर भी वितरित किए हैं। ये सिडको घर आम लोगों के लिए किफायती होने के लिए बनाए गए थे। तो जो लोग अपने खुद के सही घर का सपना देखते हैं वे सिडको घरों की प्रतीक्षा कर रहे हैं।**

# नायगांव में जुचंद्रा फ्लाईओवर के काम में लापरवाही...

## नागरिक धूल की समस्या यातायात की भीड़ से हैं पीड़ित



**वसई:** नायगांव पूर्व क्षेत्र में जुचंद्रा फ्लाईओवर का निर्माण कार्य चल रहा है। हालाँकि, चूंकि यह कार्य बिना उचित योजना के किया जा रहा है, इसलिए नागरिकों को इस शून्य नियोजन कार्य से परेशानी होने लगी है। यहां से यात्रा करने वाले नागरिक कठिन वैकल्पिक सड़कों, भारी मात्रा में उड़ने वाली धूल, यातायात भीड़ की समस्या से पीड़ित हैं। नायगांव पूर्व के जुचंद्र क्षेत्र में स्थित एलसी नंबर 9 रेलवे गेट पर यातायात की भीड़ को हल करने के लिए, लोक निर्माण विभाग जुचंद्र रेलवे गेट पर 1 हजार 386 मीटर लंबे फ्लाईओवर के निर्माण पर काम कर रहा है। साल पहले। हालांकि, इस पुल के निर्माण के दौरान लोक निर्माण विभाग और संबंधित ठेकेदार ने आने-जाने के रास्ते की अनदेखी की है, जिससे यहां से आवाजाही करने वाले वाहन चालकों और नागरिकों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.

# चिल्हर बोईसर सड़क बनी मौत का जाल, सुरक्षित उपाय करने में विफलता



**मुंबई :** मुंबई अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग को तारापुर औद्योगिक एस्टेट से जोड़ने वाली चिल्हार बोईसर सड़क सचमुच मौत का जाल बन गई है। इस सड़क पर एक साल में बारह लोगों की आकस्मिक मौत हो चुकी है और बीस से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। पालघर जिला यातायात नियंत्रण शाखा ने सड़क का रखरखाव करने वाले महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम को बार-बार होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय तैयार करने के लिए सूचित किया है। हालाँकि, टक्ळ्ळ दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बड़े उपायों की योजना बनाने के लिए पर्याप्त गंभीर नहीं है, इसलिए लगातार होने वाली दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाना संभव नहीं है। 15 किमी लंबी चिल्हार बोईसर सड़क में सुरक्षा उपायों का अभाव और भारी मालवाहक वाहनों की तेज गति और अवैध आवाजाही, सड़क के दोनों किनारों पर अवैध पार्किंग, कई स्थानों पर गड्ढे वाली और असमान सड़क, गलत विभाजन, अनधिकृत कट ,दुर्घटना बाहुल्य स्थानों पर स्ट्रीट लाइट की कमी, खतरनाक मोड़ से छोटे वाहन चालकों को जान हथेली पर रखकर सफर करना पड़ता है। तारापुर एमआईडीसी, तारापुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र, इअफ्ळ जैसी बड़ी परियोजनाओं में काम करने के लिए हजारों कर्मचारी प्रतिदिन इस सड़क से यात्रा करते हैं। पहले दो लेन वाली यह सड़क जब से चार लेन बनी है तब से भारी वाहनों की रफ्तार काफी बढ़ गयी है. इस सड़क पर डंपर, हाइवा जैसे भारी वाहनों में क्षमता से अधिक (ओवरलोड) भरकर यातायात नियमों को तोड़ते हुए लगातार माल परिवहन किया जाता है।

# पूरे साल प्रशासकों का राज...चुनाव के इंतजार के साल को कहें अलविदा!



**मुंबई:** साल 2023 खत्म होने में सिर्फ एक दिन बचा है और यह साल मुंबई नगर निगम के लिए खास रहा है. पूरे साल नगर निगम में प्रशासकों का राज रहा। चुनाव कब होगा, इसका इंतजार करते हुए नगर निगम मंडल में सरत्या वर्षा की भी विदाई हो जायेगी. केंद्रीय टीमों की जांच पूरी होने, नई बड़ी परियोजनाओं की घोषणाओं के कारण यह साल मुंबई नगर निगम के लिए अच्छा रहा है। मार्च 2022 को मुंबई नगर निगम का कार्यकाल समाप्त होने के बाद से मुंबई नगर निगम प्रशासकों के अधीन है। नगर निगम चुनाव 2022 में होने की उम्मीद थी, इस साल भी चुनाव तब आगे बढ़ गए जब उम्मीद थी कि चुनाव किसी भी समय हो सकते हैं। इसलिए पूरा साल 2023 प्रशासक शासन के अधीन है. इस साल फरवरी में प्रशासकों यानी नगर आयुक्त ने बजट भी पेश किया था. नगर पालिका के लिए यह साल कई मायनों में खास रहा। कोरोना काल के दौरान मुंबई नगर निगम द्वारा किए गए खर्च में बड़े पैमाने पर घोटाला होने का आरोप भारतीय जनता पार्टी के जन प्रतिनिधियों ने ठाकरे पर लगाया है. इन आरोपों के चलते मुंबई नगर निगम के अधिकारियों की भी जांच की जा रही है. सियासी शाहकतशाह की लड़ाई में नगर निगम के अधिकारी भी संकट में हैं और साल भर में कई छोटे अधिकारियों की जांच हो रही है। इसलिए मुंबई नगर निगम इस साल एक अलग ही मायने में चर्चा में रहा.

चूँकि नगर पालिका में प्रशासकों का शासन है, इसलिए आयुक्त की आड़ में इस वर्ष नगर पालिका के मामलों में राज्य सरकार का हस्तक्षेप बढ़ गया। नगर पालक मंत्री दीपक केसरकर और उपनगर पालक मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा को मनपा मुख्यालय में कार्यालय दिया गया, इसलिए नगर पालिका के प्रशासन में राज्य सरकार का प्रत्यक्ष कार्यान्वयन इस वर्ष शुरू हुआ और एक नई प्रथा भी शुरू हुई. हालांकि चुनाव की घोषणा नहीं हुई है लेकिन राजनीति थमी नहीं है. शिवसेना के पतन को लेकर मनपा हलकों में राजनीति हमेशा गर्म रही. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के समूह में ठाकरे समूह के नगरसेवकों के प्रवेश के कारण एक साल तक ठाकरे समूह को झटके का सामना करना पड़ रहा था। एक तरफ बीजेपी और शिंदे गुट ने ठाकरे के समय के कार्यों की जांच की, वहीं दूसरी ओर, शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे ने प्रशासन के शासन के दौरान स्ट्रीट फर्नीचर और सड़क कार्य घोटाले का मुद्दा उठाया। नई परियोजनाओं की शुरूआत पिछले कई सालों से रुकी हुई कई परियोजनाएं इस साल शुरू हुईं। इस वर्ष 26,000 करोड़ रुपये की सबसे बड़ी अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण परियोजना शुरू की गई।

# वसई कला खेल महोत्सव के दौरान हादसा... दर्शक दीर्घा ढहने से 15 लोग घायल



**वसई :** वसई में चल रहे कला खेल महोत्सव के खो-खो मैच के दौरान दर्शक दीर्घा गिरने से हुए हादसे में 15 लोग मामूली रूप से घायल हो गए। घटना शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे की है. घायल खिलाड़ियों और दर्शकों का नगर निगम अस्पताल में इलाज किया गया और उन्हें घर से छुट्टी दे दी गई। घायलों में अधिकतर महिला एथलीट थीं। ये सभी विरार के चिखल डोंगरी और अरनाला गांव के थे। वसई विरार नगर पालिका और वसई कला खेल महोत्सव के तत्वावधान में वसई के चिमाजी अप्पा मैदान में 34वां कला खेल महोत्सव चल रहा है। शुक्रवार को इस आर्ट क्रीड फेस्टिवल का चौथा दिन था. मैदान पर विभिन्न खेल खेले गए। खो-खो मैच के दौरान बनाये गये दर्शक दीर्घा में दोनों टीमों के समर्थक बड़ी संख्या में जुटे थे.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८१ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com